जोधपुर विकास प्राधिकरण

# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001

email- jdajodhpur@rajasthan.gov.inn वेब–साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/2656355-7 Fax 021-2612086

कमांक/आवंटन/2014/1802–5/II/2396-463 दिनांक :: 12 नवम्बर, 2014

## बैठक कार्यवाही विवरण

प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक श्री भूराराम चौधरी, आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर एवं अध्यक्ष, कार्यकारी समिति की अध्यक्षता में उनके कक्ष में दिनांक 12 नवम्बर, 2014 को सांय 5.00 बजे आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण परिशिष्ट–1 पर उपलब्ध है।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिये गये:–

**प्रस्ताव संख्या 1 :: गत बैठक दिनांक 20 अक्टूबर, 2014 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि।**

प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की गत बैठक दिनांक 20 अक्टूबर, 2014 का कार्यवाही विवरण जारी किया जा चुका है। अतः कार्यवाही विवरण पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से कार्यकारी समिति की गत बैठक दिनांक 20 अक्टूबर, 2014 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 2 :: डेयरी व्यवसायियों एवं गौ–पालकों के लिए गोकुलधाम विशेष आवासीय योजना (न्यू मिल्कमैन कॉलोनी) ग्राम बड़ली की आरक्षित दर का निर्धारण**

विशेष अनुमति याचिका संख्या 247/2007 मिल्कमैन कॉलोनी विकास समिति बनाम् राजस्थान सरकार एवं अन्य में तथा डी.बी. सिविल अवमानना पीटीशन 602/2011 महेन्द्र लोढा बनाम् राजस्थान सरकार व अन्य के निर्देशो की पालना में जोधपुर शहर के भीतर संचालित डेरी एवं पशुपालकों को जोधपुर शहर के बाहर शिफ्ट किया जाना है। उपरोक्त निर्देशो की पालना में जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा ग्राम बड़ली के खसरा संख्या 88 में डेयरी व्यवसायियों एवं गौ–पालकों के लिए गौकुल धाम विशेष आवासीय योजना को प्रस्तावित किया गया। उक्त योजना की आरक्षित दर निर्धारित करने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत हुआ। बैठक में निदेशक–अभियांत्रिकी ने प्रस्तावित योजना के नवीन स्वीकृत ले–आऊट प्लान के ब्लॉक–ए में पशुपालकों को भूखण्ड आवंटित किया जाना प्रस्तावित है। जिस हेतु ब्लॉक–ए में आवंटन से पूर्व निम्न कार्य करवाया जाना आवश्यक है:–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख रूपये में) |
|---|---|---|
| 1– | मिल्कमैन कॉलोनी, बडली योजना में भूखण्ड संख्या ए–1 से ए–228 में सडक निर्माण कार्य | 39.60 |
| 2– | मिल्कमैन कॉलोनी, बडली योजना में भूखण्ड संख्या ए–1 से ए–228 में मुटाम का कार्य | 5.00 |
| 3– | मिल्कमैन कॉलोनी, बडली योजना में जंगली पैड–पौधे व झाडियां हटाने का कार्य | 1.42 |
| 4– | मिल्कमैन कॉलोनी, बडली योजना में सूचना बोर्ड लगाने का कार्य | 1.27 |
| | कुल योग | 47.29 |

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से योजना की आरक्षित दर रूपये 5,800/- रूपये प्रति वर्ग मीटर एवं उपरोक्त तालिका में कम संख्या 1 से 4 में वर्णित कुल राशि रूपये 47.29 लाख के विकास कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करने का निर्णय लिया गया।

तत्पश्चात् बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

\\
(अज़रा परवीन)
सचिव

कमांक/आवंटन/2014/1802-5/ T1/2396-463 दिनांक :: 12 नवम्बर, 2014

प्रतिलिपि:-

01. प्रमुख शासन सचिव महोदय, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान, जयपुर
02. जिला कलक्टर महोदय, जोधपुर
03. उपायुक्त-पूर्व/पश्चिम/मुख्यालय/यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर/पुलिस अधीक्षक-ग्रामीण, जोधपुर
04. आयुक्त (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) नगर निगम, जोधपुर
05. मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, जोधपुर
06. मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, जोधपुर
07. प्रबन्ध निदेशक, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर
08. प्रबन्धक निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लिमिटेड/क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीको-जोधपुर/बोरानाड़ा
09. प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर/ प्रबन्धक (याता.), राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड, जोधपुर
10. उप निदेशक, पर्यटन, जोधपुर
11. निजी सचिव (आयुक्त/अध्यक्ष महोदय), जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
12. निदेशक- अभियांत्रिकी/नियोजन/वित्त/विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
13. उपायुक्त-पूर्व/पश्चिम/उत्तर/दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
14. एनालिस्ट-कम-प्रोग्रामर (उप निदेशक) जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
15. ..................................................

(अज़रा परवीन)
सचिव

2396-2463
12/11/14

**परिशिष्ट–1**

दिनांक 12 नवम्बर, 2014 को सांय 5.00 बजे श्री भूराराम चौधरी, आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकारी समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण

1. श्री वेदप्रकाश शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त–पूर्व, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर
2. श्री कैलाशदान जुगतावत, सहायक उपायुक्त पुलिस–यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर
3. श्री विनीत कुमार बंसल, अतिरिक्त उपायुक्त–पश्चिम, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर
4. श्री महेन्द्रसिंह, वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक, रीको, बोरानाड़ा, जोधपुर
5. श्री सज्जनसिंह, उप निरीक्षक, कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, जोधपुर
6. श्री शिवकरण चौधरी, प्रबन्धक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड, जोधपुर
7. श्री तगाराम परमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
8. श्री आर.एन. बिश्नोई, अधिशाषी अभियन्ता (सीडी–1), जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर
9. श्री सुरेश व्यास, अधिशाषी अभियन्ता–शहर, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर
10. श्री एस.आर. जोशी, निदेशक–अभियांत्रिकी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
11. श्री जगदीशकुमार चौहान, निदेशक–विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
12. श्री बंशीधर जाट, निदेशक–आयोजना, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
13. श्रीमती अज़रा परवीन, सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर